6/29/22, 12:40 PM 28062022_d.jpg (1066×530)

# चतरिया को बाढ़ से किया जाएगा सुरक्षित : संजय झा

**वहादुरपुर, संस** : बहादुरपुर प्रखंड की सिमरा नेहालपुर पंचायत के चतरिया गांव को बाढ से सुरक्षित करने को लेकर जल्द ही विभागीय अभियंताओं की टीम दौरा करेगी। टीम पूरे गांव को बाढ़ से मुक्ति दिलाने को लेकर बांध समेत जलनिकासी की व्यवस्था को सुदृढ करने की दिशा में ठोस पहल कर विभाग को अपना प्रतिवेदन देगी। इसके बाद इसका डीपीआर तैयार किया जाएगा, ताकि अक्टूबर के बाद इस इलाके को बाढ़ से सुरक्षित करने की दिशा में पहल की जा सके। उपरोक्त बातें राज्य के जल संसाधन व सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा ने कहीं। चतरिया गांव में आयोजित नागरिक सम्मान सह अभिनंदन समारोह को संबोधित करते मंत्री ने कहा कि गंगेश मिश्र ने यहां की समस्याओं की ओर हमारा और विभाग का ध्यान आकृष्ट कराया।

- **मंत्री ने कहा-अभियंताओं की टीम जल्द करेगी गांव का दौरा जनसमस्याओं को किया जाएगा दूर**
- **चतरिया गांव में जल संसाधन सह सूचना व जनसंपर्क मंत्री का किया गया नागरिक अभिनंदन**
- **कहा-दरभंगा में एम्स और एयरपोर्ट बनने से विकास के नए द्वार खुले लोग बताएं अपनी समस्याएं**

कहा कि चतरिया गांव में उनका यह पहला कार्यक्रम है।

मंत्री ने कहा कि पटना को आज कोई शहर टक्कर दे रहा तो वह दरभंगा है। दरभंगा में एम्स और एयरपोर्ट बनने से विकास के नए द्वार खुले हैं। चतरिया गांव तो दरभंगा जिले का एनसीआर है। उन्हें यह पता नहीं था कि यह बहादुरपुर विधानसभा का क्षेत्र है। उन्होंने गांव के लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी प्राथमिकताओं को तय कर उन्हें बताएं कि कौन सा काम पहले किया जाना है। निश्चित तौर पर उस काम को विभाग कराएगा।




सम्मान समारोह में मंचासीन मंत्री संजय झा व मदन सहनी ● जागरण

सभा को संबोधित करते स्थानीय विधायक सह समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी ने कहा कि बहादुरपुर विधानसभा क्षेत्र के चतरिया गांव से खासा लगाव है। विकास के कई काम यहां कराए गए है। जो छूटे हुए काम है, उन्हें भी आने वाले दिनों में पूरा करने की बात कही। इससे पूर्व गांववासियों की ओर से दोनों मंत्रियों को पाग-चादर और मिथिला पेंटिग भेंट की गई। मौके पर सिमरा-नेहालपुर के मुखिया दिनेश पासवान, सरपंच शिवजी बैठा, पंचायत समिति सदस्या के पति राजेश साह, नगर में वार्ड 21 की पार्षद मधुबाला सिन्हा, ग्रामीण नवीन सिन्हा, बचनू झा, प्रदीप झा, सुधीर झा, मनोहर झा, निरंजन साह, दयानाथ मिश्र, भागीरथ झा आदि मौजूद थे। मंच का कुशल संचालन मणिकांत झा ने किया।

**गांव की समस्याओं से डीएम अवगत, बनाएंगे आदर्श गांव** : मंत्री के कार्यक्रम से पूर्व डीएम राजीव रौशन चतरिया गांव पहुंचे। उन्होंने सबसे पहले अमृत योजना के तहत चिह्नित गांव के तालाब का निरीक्षण किया। लोगों से इसे और बेहतर करने के सुझाव मांगे। इस दौरान गांववासियों ने उन्हें समस्याओं से अवगत कराया। नल-जल योजना, पंचायत सचिव का तबादला, बाढ की समस्या का स्थाई निदान, जलनिकासी की व्यवस्था सहित चतरिया पुल सहित गांव में पुलिस गश्ती कराने का अनुरोध किया।

https://wrd.fmiscwrdbihar.gov.in/documents/2022/28062022_d.jpg